# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : परीक्षा नियंत्रक कार्या०/584
दिनांक : 03.07.2021

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राधीक्षक/नोडल अधिकारी,
संस्थागत/व्यक्तिगत मुख्य परीक्षा–2021 से सम्बद्ध
समस्त परीक्षा केन्द्र/नोडल केन्द्र,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : दिनांक 08. जुलाई 2021 से प्रारम्भ होने जा रही मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 को सफलतापूर्वक सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में विश्वविद्यालय प्रशासन को पूर्ण विश्वास है कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर प्राचार्य/प्राचार्या, वरिष्ठ केन्द्राधीक्षक एवं नोडल अधिकारी अपने लम्बे अनुभव व विवेकपूर्ण निर्णयों से इस चुनौती पूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक सम्पादित करा लेंगे, फिर भी कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा :–

01. इस मुख्य वार्षिक परीक्षा में बी०ए०, बी०एस०सी०, बी०कॉम० के परीक्षार्थी अपने–अपने विषय/ग्रुप से एक–एक प्रश्न–पत्र की परीक्षा देंगे। अतः ऐसी व्यवस्था बनायें कि एक परीक्षार्थी एक प्रश्न–पत्र/कोड का चयन करने के उपरान्त अपने चयनित प्रश्न–पत्र में परिवर्तन करने का प्रयास न करे, अन्यथा 1½ (डेढ) घण्टे की पाली में असहज स्थिति उत्पन्न होगी। ध्यान रहे परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में यह व्यवस्था प्रभावी नहीं होगी।

02. केन्द्र व्यवस्थापक अपने कक्ष निरीक्षकों को पहले से मुद्रित प्रश्न–पत्रों में प्रश्नों को कम कराने हेतु पत्रांक सीक्रेसी/मु०प०–2021/ दिनांक 29.06.2021 में उल्लेखानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में निर्देशित करने हेतु पहले ही प्रशिक्षित कर लेंगे।

03. जिन प्रश्न–पत्र/कोड में सिलेबस में परिवर्तन हुआ है, उनमें पुरातन परीक्षार्थियों को ओल्ड कोर्स का प्रश्न–पत्र व नवीन परीक्षार्थियों को न्यू कोर्स का प्रश्न–पत्र वितरित हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

04. प्रश्न–पत्रों में परीक्षावधि 1½ (डेढ) घण्टे के अनुसार प्रश्नों को कम करने की घोषणा केवल मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 से सम्बन्धित पहले से मुद्रित प्रश्न–पत्रों में करनी है। प्रोफेशनल/पी०जी० सैमेस्टर परीक्षा/बी०एड० परीक्षा/विश्वविद्यालय परिसर परीक्षा इत्यादि परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों का मुद्रण, परीक्षावधि 1½ (डेढ) घण्टे के अनुरूप, प्रश्नों की संख्या को कम कराके, कराया गया है। आपको इन परीक्षार्थियों के प्रश्न–पत्र सम्बन्धी कोई घोषणाऐं नहीं करनी हैं।

05. वर्तमान परिस्थितियों में विश्वविद्यालय के सीक्रेसी विभाग द्वारा लगभग प्रतिदिन प्रश्न–पत्र सम्बन्धी गोपनीय सामग्री उपलब्ध करायी जा सकती है अतः अपने महाविद्यालय में प्रश्न–पत्र प्राप्त करने की उचित व्यवस्था बनाकर विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करें। किसी भी परीक्षा दिवस पर, प्रश्न–पत्र परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध न होने अथवा कम होने की स्थिति में समय से सीक्रेसी विभाग को सूचित करें, हमेशा की तरह सीक्रेसी विभाग आपका सहयोग करेगा।

06. उत्तर पुस्तिकाओं एवं ओ०एम०आर० आन्सर शीट्स की आपूर्ति हेतु प्रभारी, (विश्वविद्यालय भण्डार) को सूचित करें।

03-07-2021

परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव